


## एक नजर में

### सामुदायिक कल्याण छात्रावास में चोरों ने धावा बोला



**उदयनगर।** आदिम जाति विभाग के सामुदायिक कल्याण छात्रावास में रात को चोरों ने धावा बोला, छात्रावास से गैस टंकी, एलईडी टीवी, पीतल के बर्तन मोबाइल आदि चोरी कर ले गए, साथ ही पंचायत एवं स्कूल के ताले भी तोड़ने की कोशिश की उनको सफलता नहीं मिल पाई। छात्रावास की दीवार पर चोर लिख गए। मैं चोर सबको राम राम 2028में फिर मिलूंगा हॉस्टल अधीक्षक दशरथ मुकाती ने यह जानकारी दी।

### चुनरी यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**देवास।** टोकखुर्द नगर में श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला जब जनेश्वर मंदिर से लेकर शक्ति माता मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। भारी जनसैलाब के बीच निकली इस यात्रा ने नगर में धार्मिक उत्साह की लहर दौड़ा दी। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विशेष रूप से भाग लेकर आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग को भक्ति गीतों, जयकारों और रंग-बिरंगी चुनरियों से सजाया गया था। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जिला पंचायत सदस्य बनेसिंह अस्ताया ने स्वागत किया। इस अवसर पर देवास जिला पंचायत उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल, सूरजसिंह ठाकुर, पोप सिंह, राजेश धाकड़, जितेन्द्र राणा, गोपालकृष्ण व्यास, नगजीराम, जसपाल, गोपाल पटेल, मिथुन एवं जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कवि लक्ष्य विश्वकर्मा ने बढ़ाया सोनकच्छ का गौरव



**सोनकच्छ।** देवास में हुए भव्य राष्ट्र स्तरीय कवि समागम समारोह 2025 में पूरे देश से आए 200 वरिष्ठ कवियों के बीच सोनकच्छ के होनहार युवा कवि लक्ष्य विश्वकर्मा ने अपना कविता पाठ करके सोनकच्छ शहर का नाम रोशन किया व सोनकच्छ का गौरव बढ़ाया जिसके लिए उन्हें साहित्य समन्वय समिति देवास द्वारा प्ररस्ती पत्र व शिल्ड दे कर सम्मानित किया। लक्ष्य वह मौजूद समस्त कवि में सबसे युवा सिर्फ 18 वर्ष के थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में देवास विधायक गायत्री राजे पवार , देवास कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी,देवास कांग्रेस शहर अध्यक्ष , कांग्रेस युवा अध्यक्ष व प्रदेश भर से आए वरिष्ठ कविगण उपस्थित थे।

### इटावा में बालिकाओं ने किया गरबा



**देवास।** शारदीय नवरात्र में शासकीय प्राथमिक विद्यालय इटावा में बालक बालिकाओं के द्वारा गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को मोतियों की माला एवं सभी बालक बालिकाओं को केले, मिठाई, एवं रुमाल विद्यालय परिवार द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक किरण पांडे, रुखसाना सिद्दीकी, हेमलता उपाध्याय, शिवेश शर्मा के साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक रेखा शर्मा, रेखा कुलकर्णी, किर्ति कुंभकार, लता मिश्रा, ज्योति व्यास, रेखा योगी, पंकज शुक्ला उपस्थित रहे। प्रतिभाशाली छात्रों को स्कूल बैग भी वितरित किए गए।

### खंडवा सांसद ने दुकानों पर लगाए पोस्टर



**कॉटाफोड़।** जीएसटी रिफॉर्म से आम जन मानस को लाभ मिलने लगा है। किसान को ट्रेक्टर, दवाई खरीदी में मिलने लगी छूट जीएसटी की दरों में कमी आम जन सभी वर्ग के लोगों लिए दिवाली उत्सव जैसा। ये विचार खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कांटाफोड़ नगर में दुकानदारों और ग्राहकों से उनके प्रतिष्ठान पर जाकर पूछा। इस दौरान भाजपा नेता महेश डुबे जीएसटी रिफॉर्म के जिला सह संयोजक सुनील पुरोहित, पोपेंद्र सिंह बग्गा, सुनील पटेल, सुशील पसारी, पुरुषोत्तम बियानी, हरिहर मोगरे सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़े के तहत हो रहे विभिन्न आयोजन

**देवास।** सेवा पखवाड़े के तहत हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। इस दौरान ग्राम के मुख्य मार्ग पर खायडीपुरा में नालियों की साफ सफाई की एवं ग्राम में परिवारों में वृक्षारोपण किया एवं कन्या पूजन हनुमान चालीसा के कार्यक्रम किये। 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के तहत अभी और भी विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसी के तहत ग्राम में मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के निवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जिसमें शक्ति केंद्र अध्यक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष भाजपा बूथ अध्यक्ष ,बी एल ओ, मंडल पदाधिकारी, अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के पदाधिकारी जिनमें प्रदेश अध्यक्ष अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन पवन हिंदू, जगदीश धुरवाल, नरेंद्र वर्मा, दिनेश पंचोली, प्रेम नारायण जोनवाल, कचरू राठौर, आशीष राठौर, शिव राठौर, गायत्री देवी पंचोली, अभिषेक थुरवाल, संतोष मुकाती आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### त्रि-दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

**देवास।** श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर तुकोगंज रोड पर त्रि दिवसीय जिनेंद्र भक्ति महामहोत्सव का 25 सितम्बर को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुभारंभ हुआ। पूज्य साध्वीजी श्री तत्वरसा श्रीजी म.सा. एवं साध्वी जी जितेश रत्ना श्रीजी म.सा. आदि के सानिध्य में 9 लाख 9 हजार 999 नवकार महामंत्र जाप पूर्णाहुति का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसका लाभ राजेन्द्र कुमार मांगीलाल जैन गौतमपुरा वाला परिवार ने प्राप्त किया। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर से सुबह 8 बजे नवकार मंत्र कलश एवं पट के साथ भव्य शोभा यात्रा निकली। विभिन्न परिधानों में सुसज्जित समाजजनों ने झूमते नाचते हुए उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा श्री आदेश्वर मंदिर पर होते हुए विजया रोड पर संपन्न हुई। यहां पर विविध मुद्राओं द्वारा नवकार महामंत्र की आराधना की गई। श्री संघ द्वारा जाप करने वाले परिवारों का बहुमान हुआ। श्री संघ की नवकारशी की गई।

# पुलिस ने देर रात को खाली प्लॉट पर दबिश देकर पकड़ा जुआ

**जुआ सामाग्री जब्त**
**21 आरोपी गिरफ्तार**



**देवास।** कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कल देर रात को जोशीपुरा मंदिर के पीछे खाली प्लॉट पर दबिश दी, जहां 21 लोग ताश पत्तों के साथ जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने सभी को जुआ सामग्री व नगदी 8 हजार 230 रुपए के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम का अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गत 24 व 25 सिंतबर की मध्यरात्रि को कोतवाली थाना पुलिस रात्रि में गश्त कर रही थी। उस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जोशीपुरा स्थित मंदिर के पीछे खाली प्लॉट पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां कुछ व्यक्ति ताश की गड्डी पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस को देखकर कुछ व्यक्ति मौके से भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने में 3 पुलिस टीमों का गठन किया और मौके से जुआ खलते हुए 21 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 हजार 230 रुपए नगद, 52 ताश के पत्ते सहित अन्य सामाग्री जब्त कर आरोपियो के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। प्रकरण को विवेचना में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**सराहनीय कार्य**

जुआरियों को पकडने में कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा, उनि जीवन भिंडोरे, सचिन सोनगरा, प्रआर मनोज पटेल, मनोज मौर्य, आर नवीन, उदय, प्रदीप ओझा, जितेंद्र भिलाला, सुजीत, वैभव, सूरज, योगेन्द्र, मनीष की सराहनीय भूमिका रही।

**इन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

पुलिस ने जुआ खेलते हुए अलफेज पिता इशाक शेख निवासी जोशीपुरा, रेहान पिता सुल्तान खान निवासी खारी बावड़ी, शाहीद पिता खालिक शेख निवासी खारी बावड़ी, जोएब पिता शकील शेख निवासी खारी बावड़ी, रवि पिता रणछोड़ सांगोदिया निवासी शांतिपुरा, वसीम पिता वहीद खां निवासी जोशीपुरा, रियाज पिता रहीश खान निवासी जोशीपुरा, रियाज पिता हसीम बैग निवासी जोशीपुरा, आयुष पिता सतीश वर्मा निवासी जोशीपुरा, प्रियांशु पिता संजय पंवार निवासी जोशीपुरा, सद्दाम पिता बरकत पठान निवासी जोशीपुरा, सादाबा पिता रफीक शेख निवासी फलमंडी तोड़ी, अमन पिता सराफत खान निवासी खारीबावड़ी, प्रवीण पिता रामस्वरुप सोनी, निवासी वैशाली एवेन्यू, कल्लू पिता यासीन खां पठान निवासी खारीबावड़ी, जाहिद पिता सलीम शेख निवासी खारी बावड़ी मल्हार रोड़, अरबाज पिता अजीज खान निवासी तोड़ी, संदीप पिता भेरुलाल मालवीय निवासी घांटी गली तोड़ी, इमरान पिता आमीर खाननिवासी फूलमंडी के पास, अमन पिता आजाद शेख निवासी फूल मंडी के पास, हेमंत पिता गोविंद भंवर निवासी लाला लाजपतरॉय मार्ग को गिरफ्तार किया है।

# मुख्यमंत्री से मिला आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल



**देवास।** जिलाध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ देवास राजेंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल की अगुवाई में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की, और अध्यापक शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया और बहुत ही जल्दी अध्यापक शिक्षक संवर्ग को कई सौगातें देने का संकेत दिया। साथ ही शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं सांसद श्रीमती संपतिया ऊइके से भी अध्यापकों की समस्याओं के निराकरण हेतु मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों से भी मुलाकात की।

मुख्यमंत्री से भेंट के पश्चात आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष भाई भरत पटेल ने कहा कि शीघ्र ही अध्यापक शिक्षक संवर्ग के साथी भोपाल चलने की तैयारियां करें। मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में अगले माह आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश का प्रांतीय सम्मेलन राजधानी भोपाल में होगा सेंधव ने बताया जिसके लिए देवास जिले में 28 तारीख को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# सफाई कर्मचारी यूनियन ने किया नवागत आयुक्त का स्वागत

**देवास।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 द्वारा शहर अध्यक्ष राजेश गौसर के नेतृत्व में नवनियुक्त आयुक्त दलीप कुमार का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रूपेश कल्याणे ने नवागत आयुक्त को प्रथम बार अर्बन डिपार्टमेंट में आईएएस अधिकारी नियुक्त होने पर संयुक्त रूप से बधाई प्रेषित की एवं कहा कि आपके आने से शहर विकास की गति को प्राप्त करेगा एवं कर्मचारियों की लंबित मांगे अतिशीघ्र आपके संज्ञान में डाली जाएगी जिसे आपके द्वारा पूरा करने की आशा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजू पहलवान सांगते, प्रदेश कार्यवाह अध्यक्ष रूपेश कल्याणे, प्रदेश महामंत्री विजय सांगते, उपाध्यक्ष अनिल पहलवान खरे, वरिष्ठ अशोक कल्याणे एवं राज्य कर्मचारी सफाई मोर्चा के जिलाध्यक्ष पारस कलोसिया, शहर अध्यक्ष राकेश बंजारे, महासंघ अध्यक्ष संजय काका सांगते, लालचंद डागर, मांगीलाल फतरोड़, दीपक खरे, संजय सांगते, विनोद भरोसिया, सुजीत बाली, राकेश सांगते, अमर धनराज सांगते, उमेश सांगते, राजकुमार कल्याणे, बसंत कल्याणे, सुनील फतरोड़, कैलाश सोलंकी, राकेश गौसर, विजय आदिवाल, विरेन्द्र शिंदे, सोनू डुमाने, जितेन्द्र डुमाने, ऋषि निगम, अनूप सांगते, विजय गोयल, आनंद चावरे, महेश लोट, मंगल घारू, संजय लोट, संतोष डुमाने, विकास सिहोते, लोकराज गिल्लोरे, संजय मेवाती, रईस खान, शिव नरवले, ललित सोनवाने, लक्ष्मण वेद, जगदीश घावरी, जितेन्द्र डागर उपस्थित थे।

# एसओपी एवं लॉस-गेन नीति पर प्रतिनिधिमंडल ने की केंद्रीय खाद्य मंत्री से मुलाकात



**देवास।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के वेयर हाउस संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर भंडारण नीतियों में आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से मध्यप्रदेश के गोदामों में भंडारित गेहूं और चावल पर लागू की जा रही जटिल एस.ओ.पी. प्रक्रियाओं के कारण राज्य की भंडारण नोडल एजेंसियों एवं निजी गोदाम संचालकों को हो रहे लाखों-करोड़ों रुपये के आर्थिक नुकसान और पेनल्टी की समस्या से अवगत कराया। बैठक में धान, मोटे अनाज की लॉस-गेन नीति लागू करने और मूंग व उड़द जैसी फसलों में गुणवत्ता के दायित्वों को स्पष्ट करने की आवश्यकता पर भी सार्थक चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान एस.ओ.पी. को व्यवहारिक रूप से लागू करना कठिन है क्योंकि विभिन्न राज्यों के अलग-अलग क्षेत्रों में उपार्जित स्कंध (जैसे गेहूं) की किस्में, जलवायु, और आंतरिक घटक समय के साथ बदलते रहते हैं। अतः एस.ओ.पी. का पुनः निरीक्षण एवं सरलीकरण आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिए गए सुझावों पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने गंभीरता से विचार करते हुए बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारीगण अनीता कौर संयुक्त सचिव (भंडारण, आयसीटी एण्ड एनएसी), रवि शंकर संयुक्त सचिव (खाद्य विभाग एस एण्ड आर), डॉ. प्रीति शुक्ला उप निदेशक (एस एण्ड आर), विश्वजीत हलदर संयुक्त आयुक्त (एस एण्ड आर) आदि उपस्थित थे। भोपाल से भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक विशेष गढ़पाले से भी दूरभाष पर चर्चा कर समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक समन्वय किया गया। प्रतिनिधिमंडल में वेद प्रकाश ठाकुर अध्यक्ष वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन, डी.पी. भाई जी अध्यक्ष निजी वेयर हाउस एसोसिएशन, पंकज जैन उपाध्यक्ष निजी वेयर हाउस एसोसिएशन, बद्रीलाल आचार्य कोषाध्यक्ष निजी वेयरहाउस एसोसिएशन से, दिलीप सिंह राजपूत प्रदेश अध्यक्ष, वेयर हाउसिंग फील्ड स्टाफ एसोसिएशन, अमृतलाल सूर्यवंशी प्रदेश प्रतिनिधि, अविनाश व्यास संभागीय अध्यक्ष उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने आशा व्यक्त की है कि केंद्र सरकार द्वारा जल्द ही व्यावहारिक एस.ओ.पी., सरलीकृत लॉस- गेन नीति और गुणवत्ता दायित्वों को स्पष्ट करते हुए आवश्यक नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे।

# प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट में डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन



**देवास।** 25 सितम्बर, प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, देवास में डांडिया महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) आर. के. जैन ने माँ दुर्गा की आराधना एवं आरती के साथ किया। इस अवसर पर सभी फैकल्टी मेंबर्स , स्टाफ और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रो. (डॉ.) आर. के. जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ दुर्गा शक्ति का स्वरूप हैं और नवरात्रि के इन दिनों में हम उनकी भक्ति कर अपनी अंतरात्मा की शक्ति को जागृत करते हैं। गरबा उसी भक्ति को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि गरबा केवल नृत्य नहीं है, बल्कि यह माँ दुर्गा की आराधना और सामूहिक ऊर्जा का प्रतीक है। यह हमें अनुशासन, टीमवर्क और समर्पण की सीख देता है। विद्यार्थियों के जीवन में इसका विशेष महत्व है क्योंकि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन उन्हें आत्मविश्वास, एकता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। आरती के उपरांत माँ चामुंडा के जयकारों के उद्घोष के साथ गरबा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने टीम बनाकर क्लॉस वाइज अपनी प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों और शिक्षकों की ऊर्जा और उमंग से पूरे कार्यक्रम का वातावरण उल्लासमय हो उठा। सभी प्रतिभागी और फैकल्टीज पारंपरिक एथनिक परिधानों में सजे-धजे नजर आए, जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में रजनी सिसोदिया एवं श्रुति पालेचा उपस्थित थीं। उन्होंने प्रस्तुति के आधार पर विजेता टीमों का चयन किया। विजेताओं को निदेशक प्रो. (डॉ.) आर. के. जैन द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। यह रंगारंग महोत्सव गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन ने न केवल सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया बल्कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान किया। कार्यक्रम का कोआर्डिनेशन फैकल्टी अर्चना राजपूत, निकिता अग्रवाल, रितिका शर्मा एवं प्रियल करंदीकर द्वारा किया गया।

# टोंक खुर्द में कांग्रेस की चुनरी यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब





**भौरासा/टोंकखुर्द।** नवरात्रि के पावन पर्व पर गुरुवार को टोंकखुर्द में कांग्रेस ने मां शक्ति सेवा संस्था के तत्वाधान में विशाल चुनरी व कलश यात्रा का आयोजन किया। यात्रा महाभारत कालीन प्रसिद्ध झरनेश्वर महादेव मंदिर कन्हैरिया में पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुई, जो ग्राम नाई खेड़ी, देहरिया,टोंक खुर्द नगर के मालवीय नगर,भगत सिंह चौराह, चिंतामणि मार्ग,रावला चौक , माधवगंज से होते हुए शक्ति माता मंदिर पर पहुंची जहा यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान,पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कप्तान भी सम्मिलित हुए । अतिथियों ने मां दुर्गा की उपासिनी चुनरी एवं कलश यात्रा में सम्मिलित हुई कन्याओं का चरण पूजन किया। चुनरी यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। चुनरी यात्रा का नगर में एक और जहा विभिन्न सामाजिक व राजनेतिक संगठनों ने मंचों से स्वागत किया गया तो दूसरी ओर लोगो ने अपने घरों की छतो पर से चुनरी यात्रा पर पुष्प वर्षा की ।यात्रा सुबह दस बजे झरनेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद निकाली गई जो तीन घंटे बाद शक्ति माता मंदिर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी अर्पित की। यात्रा में गोपालकृष्ण व्यास, राजेश धाकड़, पोपसिंह जिरवाय, नितेश धाकड़, दिलीप सिंह चांदना, आरिफ पटेल,फूल सिंह गुर्जर, रउफ कुरैशी,बालकृष्ण पटेल, बसंत सिंह राजपूत,दुर्गा सिंह गुर्जर, रुस्तम पटेल,विष्णु सुनानिया, श्याम भंडारी,रीना गालोदिया ,जीतू गालोदिया, रोहन सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुगण शामिल थे। संचालन शहर अध्यक्ष नितेश धाकड़ ने किया।

**एक नजर** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया

# कन्या महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत हुए अनेक आयोजन

**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महा विद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा (17सितम्बर से 02 अक्टूबर) के अंतर्गत 19 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य डॉ जी डी सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण किया गया। प्रो वर्षा जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण शारीरिक बीमारियों को रोकने में मदद करता है और प्रकृति से संपर्क सकारात्मक विचार को प्रेरित करते है जिससे मानसिक स्वास्थ्य मैं भी सुधार होता है। प्रो प्रमोद परिहार ने इंदौर की स्वच्छता की मिसाल देते हुए अपने शहर को भी स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस की छात्रा सुशीला भालसे ने भी पर्यावरण स्वच्छता के संबध में विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने किया तथा आभार डॉ अनीता भाना ने माना। दूसरे दिन एन एस एस के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा श्रमदान के द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। 20 सितम्बर को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में ष् स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवारष् अभियान के तहत छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय की टीम के द्वारा किया गया। जिसमें छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ हिमोग्लोबिन चेक कर आयरन की गोलियां, अन्य आवश्यकता अनुसार दवाइयां एवं उचित उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर किया गया इसी कड़ी में द्वितीय दिवस स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया साथ ही नशा मुक्ति जन जागरण अभियान रैली का आयोजन किया गया है। 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में डॉक्टर राहुल कौशल ने शासकीय उद्यमी योजनाओं, आसान ऋण और स्थानीय संसाधनों के उपयोग के बारे में जानकारी दी जो उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में मदद करते हैं साथ ही 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के राष्ट्रीय बैच द्वारा स्वयंसेवकों ने प्राचार्य जी डी सोनी एवं प्राध्यापकों का स्वागत किया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल द्वारा विद्यार्थी जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का महत्व बताया गया तथा पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ अनीता भाना ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की संपूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक नव प्रवेशित छात्राओं को दी। महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको के द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति स्वच्छता के संदेश के साथ दी गई। साथ ही बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं संयोगिता और प्रतिभा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉक्टर जीडी सोनी द्वारा सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक दीपिका और अनुष्का बीएससी प्रथम वर्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# विज्ञान महाविद्यालय में हुआ दिशा दर्शन का आयोजन

**देवास।** स्व.तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में 24 सितम्बर को प्राचार्य प्रमोद कुमार पलाश्या के मार्गदर्शन में इंडक्शन प्रोग्राम (दिशा दर्शन ) का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्राचार्य एवं समस्त विभागों के प्राध्यापको एवं समस्त स्टॉफ द्वारा अपना परिचय दिया। प्राचार्य द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वागत किया एवं एन.एस. एस.,एन.सी.सी के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. गिरिश शिव द्वारा रखी गई ।सर्वप्रथम डॉ. ममता शाक्य द्वारा महाविद्यालय का परिचय एवं स्थापना व सभी विभागों की जानकारी व प्रयोगशाला के समस्त उपकरणों की जानकारी दी गई। सी. सी.टी. वी. द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं समस्त कक्षाओं की निगरानी की जाती है। इसके साथ ही मेधावी एवं संबल योजना के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. ममता पथराडे के द्वारा एन.ई.पी. 2020 ( राष्ट्रीय शिक्षा नीति) एम.डी.सी. विषय पर व्यावसायिक शिक्षा का समावेश ऑनलाईन कोर्स से ( एन.पी.टी.ई.एल.), भारतीय ज्ञान परम्परा, युवा उत्सव में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। प्रतिभा किरण, योजना एवं गॉव की बेटी योजना से छात्राओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि कि जानकारी दी गई। प्रो. गिरीश शिव द्वारा स्वयं पोर्टल, सी.सी.ई, प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, क्रेडिट स्कोर, पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से समझाया गया। डॉ. आकांक्षा शर्मा द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित स्वयं पोर्टल की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रंथपाल जैद अहमद द्वारा पुस्तकालय एवं ई- पुस्तकालय के बारे में के विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक वितरण करने कि जानकारी दी गई। डॉ. अमित द्विवेदी के द्वारा खेल गतिविधियों के बारे मे विभिन्न जानकारी दी गई तथा हेल्थ केयर मैनेजमेंट के बारे में बताया डॉ. प्रेमलता चौहान ने छात्र-छात्राओं को पोस्ट मेट्रिक ( ओ.बी.सी., एस.सी, एस.टी) छात्रवृत्तियों के बारे में अवगत कराया गया।